27-02-2026

हिन्दुस्तान

शैक्षिक भ्रमण पर 231 छात्राएं रवाना

भ्रमण के लिए जा रही बसों को हरी झण्डी दिखाते बीएसए।

बाराबंकी। कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों की छात्राओं का शैक्षिक भ्रमण गुरुवार को उत्साह और उमंग के साथ प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी नवीन कुमार पाठक एवं स्वदेश मिल्क प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक पीयूष उपाध्याय ने बस को हरी झंडी दिखाकर किया।इस अवसर पर शिक्षा विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति से कार्यक्रम गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ।

शैक्षिक भ्रमण के प्रथम चरण में 231 छात्राएं रवाना हुईं। सभी 15 कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों की लगभग 1900 छात्राएं एवं शिक्षक-शिक्षिकाएं विभिन्न निर्धारित तिथियों पर इस शैक्षिक यात्रा में सहभागिता करेंगी। छात्राओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक बस में दो महिला पुलिस कर्मियों तथा चिकित्सकीय टीम की व्यवस्था की गई है।

बीएसए ने छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शैक्षिक भ्रमण से विद्यार्थियों को व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त होता है। इससे उन्हें ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक जानकारियों का प्रत्यक्ष अनुभव मिलता है, जो उनके सर्वांगीण विकास में सहायक होता है।